Seat No. : _______________

MM-210

May-2025

B.A., Sem.-IV

CC-211 : Hindi

(हिन्दी खंडकाव्य 'महाप्रस्थान')

Time : 2:30 Hours] **[Max. Marks : 70**

1. नरेश महेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

1. 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य का कथासार अपने शब्दों में लिखिए । **14**

2. 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य की समस्याओं पर चर्चा कीजिए । **14**

अथवा

2. 'महाप्रस्थान' के काव्य-सौंदर्य को उजागर कीजिए । **14**

3. 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य के आधार पर युधिष्ठिर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

3. 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य के आधार पर द्रोपदी के चरित्र-चित्रण को उजागर कीजिए । **14**

4. सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : **14**

(1) धर्मराज !
हम सबकी पत्नी होते हुए भी
द्रौपदी
क्यों नहीं हिमपथ के पार
इस धर्मपथ पर आ सकी ?

अथवा

अब केवल हिम की
उजाड़, दुर्दम्य, पाद्यरी, एकांतिकता
जिस पर,
पतली पिपीलिका - रेखा-सा चलता
नतशिर बन्दी-सा,
पाण्डव-दल ।

(2) उस दिन
तुम्हारी मणि को छुआ था
और हाथ आज जल रहा है अश्वत्थामा !
क्या मिला इस अन्तिम क्षण में
मेरे भीतर के इस कुष्ठ को जगाकर
तुम्हें या किसी को क्या मिला

अथवा

कैसा था वह युद्ध–
भीष्म, द्रोण, कृप, अश्वत्थामा,
दुर्योधन, दु:शासन, कर्ण, जयद्रथ
धृष्टद्युम्न, अभिमन्यु, घटोत्कच
सब स्वाहा हो गये ।
युद्ध के उदर ज्वाल में ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **सात** प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : **14**

(1) नरेश महेता का निधन कब हुआ था ?
(a) 1911 (b) 1990 (c) 2000 (d) 2021

(2) नरेश महेता को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ था ?
(a) अरण्या (b) महाप्रस्थान (c) प्रवाद–पर्व (d) संशय की एक रात

(3) 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य की कथा का आधार इनमें से क्या है ?
(a) रामायण (b) महाभारत (c) रामचरितमानस (d) इनमें से कोई नहीं

(4) इनमें से कौन सा पात्र 'महाप्रस्थान' का नहीं है ?
(a) द्रौपदी (b) अर्जुन (c) भीम (d) उर्मिला

(5) 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य के द्वितीय पर्व का नाम क्या है ?
(a) यात्रा (b) स्वर्ग (c) स्वाहा (d) इनमें से कोई नहीं

(6) 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य में इनमें से कौन सा रस प्रधान है ?
(a) श्रृंगार (b) हास्य (c) रौद्र (d) शांत

(7) 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य का प्रमुख पात्र इनमें से कौन है ?
(a) भीम (b) अर्जुन (c) युधिष्ठिर (d) द्रोपदी

(8) 'महाप्रस्थान' में हिमपथ पर चलते समय द्रौपदी को किसकी आत्मा पुकारती है ?
(a) भीम (b) अर्जुन (c) अश्वत्थामा (d) सहदेव

(9) 'महाप्रस्थान' खण्डकाव्य के तृतीय पर्व का नाम क्या है ?
(a) यात्रा (b) स्वर्ग (c) स्वाहा (d) इनमें से कोई नहीं

(10) 'न मैं वर्तमान हूँ, न विगत, मैं चिरंजीवी हूँ ।' – कथन कौन कहता है ?
(a) युधिष्ठिर (b) अर्जुन (c) अश्वत्थामा (d) भीम

(11) 'करुणा मेरा धर्म है, किसी भी सम्बन्ध, साम्राज्य या शक्ति के सामने मैं इसे नहीं छोड़ सकता !' – कथन कौन कहता है ?
(a) युधिष्ठिर (b) नकुल (c) सहदेव (d) भीम

(12) 'कौन ? कानों के इतने पास ये किसकी गर्म साँसें हैं ?' – कथन कौन कहता है ?
(a) युधिष्ठिर (b) अर्जुन (c) अश्वत्थामा (d) द्रौपदी